मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित



# मेट्रो दिनांक

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी

Website : www.metrodinank.com
Email : metrodinank@gmail.com

RNI No. : MAHHIN/2009/35355 POST REGD.NO : MH/MR/NW-143/2018-20

वर्ष : ०९ अंक :२९ मुंबई, शुक्रवार, ३ मई से ९ मई २०१९ पृष्ठ : ४ कीमत : दो रुपये

# मेट्रो का साइड इफेक्ट

## कॉरिडोर सीएसएमटी के बजाय वडाला से पनवेल तक बनेगा

**दीनानाथ तिवारी**

**मुंबई :** ठंडे बस्ते में गई सीएसटी-पनवेल एलिवेटेड फास्ट कॉरिडोर परियोजना में एक बार फिर मुंबई रेल विकास निगम ने जान फूंकने की कोशिश की है। हालांकि जान फूंकने के साथ ही ४७ किलोमीटर के इस एलिवेटेड कॉरिडोर की कटिंग भी कर दी गई है। एमआरवीसी की नई योजना के तहत अब ये कॉरिडोर सीएसटी के बजाए वडाला से पनवेल तक बनेगा। इसकी वजह मेट्रो का साइड इफेक्ट बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक वर्तमान में हार्बर लाइन पर केवल स्लो लोकल ट्रेन ही चलाई जा सकती है। भूमि के अभाव में एमआरवीसी ने सीएसटी-पनवेल फास्ट एलिवेटेड कॉरिडोर की योजना बनाई थी लेकिन अधिकारियों की मानें तो मुंबई में मेट्रो रेल कॉरिडोर के निर्माण के कारण इस परियोजना पर दोबारा विचार करने का विकल्प एमआरवीसी के पास रेलवे ने रखा था।



एमआरवीसी के अधिकारियों की मानें तो सीएसटी के पास अंडर ग्राउंड मेट्रो का निर्माण होना है, ऐसे में सीएसटी-पनवेल एलिवेटेड फास्ट कॉरिडोर को सीएसटी के बजाए वडाला से पनवेल तक बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है। इस नई योजना से एलिवेटेड रेल कॉरिडोर के ११ स्टेशन के बजाए ९ स्टेशन होंगे। इस संबंध में एक रेल अधिकारी का कहना है कि योजना के अनुसार सब कुछ ठीक रहा तो इस कॉरिडोर के बनाने से हार्बर के लाखों यात्रियों का सफर आरामदायक होगा। बता दें कि ४७ किलोमीटर के इस कॉरिडोर पर चलनेवाली ट्रेन वातानुकूलित होगी। सीएसटी-पनवेल एलिवेटेड कॉरिडोर की अनुमानित लागत १४,५६१ करोड़ रुपए थी। इस परियोजना की लागत का ५० प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार और ५० प्रतिशत हिस्सा एमआरवीसी वहन करेगी। यह योजना एमयूटीपी-३ए के तहत अमल में लाई जाएगी। इस कॉरिडोर के बन जाने से डेढ़ घंटे का सफर लगभग ३५ से ४० मिनट में तय हो पाएगा। इस रूट पर कुल ९ स्टेशन होंगे जिनमें वडाला, कुर्ला, चेंबूर, मानखुर्द, वाशी, नेरुल, सीबीडी बेलापुर, खारघर और पनवेल स्टेशन का समावेश है।

## पीजी के लिए चालू सत्र में मराठा आरक्षण नहीं

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** राज्य के मेडिकल कॉलेजों में पीजी कोर्स के लिए चालू शैक्षणिक सत्र में मराठा आरक्षण लागू नहीं होगा। मंगलवार को यह महत्वपूर्ण फैसला बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने दिया है। सरकार ने डेंटल और मेडिकल कॉलेजों के पीजी कोर्स की प्रवेश परीक्षा में मराठा आरक्षण को लागू कर किया था। इसे डॉ.अदिति गुप्ता, डॉ.अनुज लद्दड और डॉ.रसिका सराफ सहित कई विद्यार्थियों ने नागपुर बेंच में याचिका दायर कर चुनौती दी थी। सामाजिक और शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़ी श्रेणी (एसईबीसी) में मराठा आरक्षण को शामिल किया था।




एसईबीसी अधिनियम के अनुच्छेद ४ में कुल सीटों में से १६ प्रतिशत सीटें एसईबीसी श्रेणी के लिए आरक्षित रखने का प्रावधान है। इसी अधिनियम के अनुच्छेद १६(२) में कहा गया है कि अगर कोर्स की प्रवेश प्रक्रिया अधिनियम प्रभावी होने से पहले शुरू हो चुकी है, तो उसमें आरक्षण लागू नहीं होगा। इसी मुद्दे पर याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिका में कोर्ट को बताया कि पीजी मेडिकल की प्रवेश प्रक्रिया अक्टूबर २०१८ में शुरू हो चुकी थी, जबकि एसईबीसी अधिनियम नवंबर २०१८ में लागू हुआ। इसीलिए नियमों के तहत चालू शैक्षणिक वर्ष में यह आरक्षण लागू नहीं हो सकता है।

हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद चालू सत्र में आरक्षण नहीं लागू करने का फैसला सुनाया। हाई कोर्ट के फैसले पर मराठा आरक्षण के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर करने वाले वकील गुणरत्न सदावर्ते ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि मराठा आरक्षण भारतीय संविधान के खिलाफ है। यह समाज आर्थिक रूप से मजबूत है। नागपुर बेंच के फैसले से उन्हें आस जगी है।

## अवैध टिकट दलालों का भंडाफोड

**मंजु तिवारी**

**मुंबई :** रेलवे टिकट कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए रेलवे सुरक्षा बल की टीमें दलालों की धड़पकड़ कर रही हैं। मध्य रेलवे पर सीनियर डीएससी द्वारा दलालों पर कार्रवाई करने के लिए एक टीम का गठन किया गया है। इस टीम ने १ मई को संदेह के आधार पर रे रोड से एक व्यक्ति को पकड़ा। राजमणि शेखर पाल (५०) नाम के इस व्यक्ति के मोबाइल से दस अवैध टिकटों की जानकारी मिली, जिन्हें बुकिंग खिड़की से निकाला गया था। इन टिकटों की कीमत ३३,९७० रुपये है। पाल से हुई पूछताछ में पता चला कि कुर्ला में रहने वाला अय्यूब भी इस कारोबार में उसका साथी है। अय्यूब अवैध तरीके से ई-टिकट निकालने का काम करता है। विशेष टीम ने जब अय्यूब से पूछताछ की, तब पता चला



कि उसने आईआरसीटीसी की निजी आईडी से ३० ई-टिकट बुक किए हैं। इनकी कीमत ७०,४१२ रुपये है। इससे पहले उसने १४२ ई-टिकट बुक किए थे, जिनकी कीमत २,९९,६२०/- रुपये थी। इन दोनों आरोपियों के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट द्वारा दोनों आरोपियों को ३ दिनों तक आरपीएफ की हिरासत में भेजा गया है।

## चुनाव खत्म फिर भी मनपाकर्मी ड्यूटी से नदारद

**शिवशंकर तिवारी**

**भिवंडी :** भिवंडी मनपा के हर विभाग में पिछले एक माह से पसरा सन्नाटा खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। चुनावी ड्यूटी खत्म होने के बावजूद मनपाकर्मी ड्यूटी पर नहीं लौटे हैं, इसके चलते लोगों को रोजाना मनपा में अपने काम के लिए चक्कर काटना पड़ रहा है और बरबस ही यह कहते देखे जा रहे है कि सन्नाटा कायम है भाई मालूम हो कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भिवंडी मनपा के नगर रचना विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित हर विभाग से तकरीबन ५२२ अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनावी ड्यूटी पर लगाया गया था। जिसके कारण मनपा के हर विभाग में सन्नाटा पसर गया था, जो अभी तक कायम है। मालूम हो कि २९ अप्रैल को महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव खत्म हो गया है जिसके बाद मनपा मनपाकर्मियों की चुनावी ड्यूटी भी खत्म हो चुकी है। बावजूद अभी तक चुनावी ड्यूटी पर लगे ५२२ मनपाकर्मी ड्यूटी पर न आकर वे घर पर आराम फरमा रहे हैं। लोकसभा चुनाव के दूसरे दिन महाराष्ट्र दिवस की छुट्टी थी। मनपाकर्मियों को दो मई से ड्यूटी पर उपस्थित होना चाहिए था लेकिन अभी भी मनपा का हर विभाग वीरान पड़ा है क्योंकि महीनों से चुनावी ड्यूटी में लगे मनपाकर्मी इस दिन भी नदारद थे और मनपा मुख्यालय के सभी विभाग खाली थे। इस कारण जनता को मनपा में अपना काम कराने के लिए एक विभाग से दूसरे विभाग के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। ६ मई से अधिकारियों के काम पर लौटने की बात मनपा में कही जा रही है।

## ५ सालों में चली चुनावी बयार में लगभग ५०० करोड़ रुपए हवा

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** लोकसभा चुनाव २०१९ को जीतने के लिए सभी पार्टियां दमखम के साथ मैदान में उतरी हैं। ऐसे में पार्टियों के दिग्गज नेता देश के भ्रमण पर हैं। सब इसी होड़ में हैं कि वे कम समय में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचें और उन्हें संबोधित करें। ऐसे में इस इच्छा को उड़न खटोला यानी हेलिकॉप्टर ही पूरा कर सकता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि पिछले ५ सालों में चली चुनावी बयार में लगभग ५०० करोड़ रुपए हवा में उड़ गए हैं। नेताओं द्वारा हेलिकॉप्टर से आवागमन काफी बढ़ गया है।बता दें कि २०१९ का लोकसभा चुनाव ७ चरण में होना है, जिसमें से ४ चरण निपट चुके हैं। देश में २९ राज्य और ७ केंद्र शासित प्रदेश हैं। ऐसे में आप अनुमान लगा सकते हैं कि नेताओं द्वारा एक राज्य से अनेक जिलों तक




पहुंचने और लोगों को संबोधित करने के लिए कितनी सभाएं लेनी पड़ती हैं। समय की बचत और अधिक लोगों तक पहुंचने के लिए सबसे सुगम साधन हेलिकॉप्टर बना हुआ है। ऐसे में निजी हेलिकॉप्टर की सेवा प्रदान करनेवाली कंपनियों की अच्छी आमदनी हो रही है। छोटे हेलिकॉप्टर का किराया ६५ हजार से ७० हजार रुपए प्रति घंटा होता है जबकि बड़े हेलिकॉप्टर का किराया लगभग २ लाख ७० हजार रुपए से लेकर ३ लाख रुपए प्रति घंटे के हिसाब से लगाया जाता है। नागरी विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की मानें तो १९९३ में गैर अनुसूचित ऑपरेटर की संख्या ११ थी, जो २०१७-१८ में बढ़कर १०९ हो गई है। यानी पहले मात्र २७ उड़न खटोले थे लेकिन अब इसकी संख्या बढ़कर ३४९ हो गई है। वर्ष २०१७-१८ में इन उड़न खटोलों ने लगभग १५ लाख ३९ हजार सवारियों को अपने गंतव्य तक पहुंचाया है। नेताओं को किराए पर हेलिकॉप्टर की सेवा प्रदान करनेवाली एक कंपनी के कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि चुनाव के दौरान हेलिकॉप्टर के रेट्स में ५ से १० प्रतिशत का इजाफा भी होता है। प्रचार के लिए काफी डिमांड बढ़ जाती है क्योंकि हेलिकॉप्टर ग्रामीण क्षेत्र में खुले मैदान में भी आराम से लैंडिंग करता है।

## भरनी की जमीन पर बसें भरेंगी फर्राटा, अफवाहों पर मनपा ने लगाई लगाम

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** कोस्टल रोड परियोजना को लेकर सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों पर मनपा ने लगाम लगाई है। कोस्टल रोड के लिए समुद्र में भरनी कर मिलनेवाली जमीन को लेकर स्पष्ट किया है कि यहां बीआरटीएस (बस रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम) प्रणाली को अमल में लाया जाएगा, जहां बसें तेजी से फर्राटा भरेंगी। बता दें कि सोशल मीडिया पर इन दिनों कोस्टल रोड के संदर्भ में एक इमेज वायरल की गई है, जिसमें नेपेयंसी रोड से हाजी अली के बीच समुद्र में भरनी कर मिलनेवाली २२२ एकड़ जमीन पर मार्केट, वेल्फेयर सेंटर, जिम, पंपिंग स्टेशन, मनपा दवाखाना, फायर स्टेशन, ईंधन स्टेशन आदि सुविधाएं मुहैया कराए जाने का उल्लेख किया गया है। इस वायरल इमेज के जरिए कुछ लोग कोस्टल रोड को लेकर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। इतना ही नहीं, इस इमेज के माध्यम से




मनपा पर लोगों को गुमराह करने का आरोप भी लगाया जा रहा है। लोगों में फैली इन अफवाहों को दूर करने के लिए मनपा ने कोस्टल रोड को लेकर एक बयान जारी किया है, जिसमें भरनी की जमीन पर क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध होंगी, इसका खुलासा किया गया है।

मनपा ने स्पष्ट किया है कि भरनी की जमीन पर बसों के लिए बीआरटीएस प्रणाली अमल में लाई जाएगी। इसके अलावा बिजली आपूर्ति के लिए यहां सब स्टेशन बनाया जाएगा। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस पेट्रोलिंग चौकी भी यहां बनाई जाएगी। शेष जमीन खुली होगी, जहां लोग शुद्ध हवा का लुत्फ उठा सकेंगे।

### डकैती की योजना बना रहे ७ आरोपी गिरफ्तार

**वसई :** वालीव पुलिस ने एक ऐसे गैंग के ७ आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो मुंबई-अहमदाबाद हाइवे स्थित सागर पेट्रोल पंप को लूटने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने उनके पास से दो कार, एक रिक्शा, ७ मोबाइल, एक पिस्टल, चाकू सहित कई अन्य सामान जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों पर मुंबई, ठाणे में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग पेट्रोल पंप लूटने की योजना बना रहे हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने श्रवण लाल बहादुर यादव, प्रवीण सुखसागर वर्मा, गोविन्द सुख सागर वर्मा, मलीनाथ श्रीमंत डिगी, रणजीत रामसिंह ठाकुर, नागराज लक्ष्मण गौड़ा व सतीश अशोक झावरे को गिरफ्तार कर लिया।

## पटरियों पर कचरा फेंकना होगा बंद

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**ठाणे :** पारसिक गुफा से सटे झोपड़पट्टियों के निवासियों द्वारा पटरियों पर कचरा फेंका जाता है। पटरियों पर जमा कचरे की वजह से कई दफा लोकल ट्रेन पटरियों से उतर जाती थी। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मध्य रेलवे पारसिक गुफा के पास दीवार बना रही है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अब कचरे की वजह से लोकल पटरी से नहीं उतरेगी। बता दें कि पिछले कई वर्षों में पारसिक गुफा के आस-पास अवैध झोपड़पट्टियां बस गई हैं। इन झोपड़पट्टियों में रहनेवाले नागरिकों द्वारा भारी मात्रा में पटरियों पर कचरा फेंका जाता हैं। कचरा पटरियों पर न फेंका जाए इसलिए ५ वर्ष पहले रेलवे प्रशासन द्वारा कलवा की दिशा में पटरी के दोनों ओर दीवार खड़ी कर दी गई थी। ऊंचाई कम होने के कारण लोग दीवार के ऊपर से पटरियों पर कचरा फेंक दिया करते थे। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बाएं ओर एक और छोटी दीवार खड़ी कर दी गई, जिसके बाद बाईं ओर से पटरियों पर आनेवाला कचरा बंद हो गया लेकिन दाहिनी ओर से आनेवाला कचरा बंद नहीं हुआ था, दाहिनी ओर से आनेवाले कचरे को भी बंद करने के लिए अब रेलवे प्रशासन द्वारा फिर से ऊंची और कुछ दूरी पर दीवार बनाई जा रही है। दीवार की लंबाई लगभग आधे किलोमीटर की होगी। साथ ही इस दीवार के बन जाने से पारसिक गुफा को सुरक्षा कवच भी मिल जाएगा। मध्य रेलवे के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस दीवार के बन जाते ही कचरे की वजह से लोकल का पटरी से उतरना बंद हो जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### १६ हजार इमारतों का बारिश से पहले ऑडिट

**मुंबई :** मुंबई के १६ हजार उपकर प्राप्त खस्ताहाल इमारतों की समीक्षा की जाएगी। इस बार बारिश को देखते हुए खतरनाक और अत्यंत खतरनाक इमारतों की श्रेणी बनाने की बजाय सभी इमारतों का एक साथ समीक्षा होगा। मुंबई इमारत मरम्मत व पुर्नरचना मंडल ने इमारत के साथ ट्रांजिट कैंप में दिए गए घरों और पुनर्विकास के कार्यों की समीक्षा करने का निर्णय लिया है।

### राज ठाकरे के खिलाफ लिखी पोस्ट, मामला दर्ज

**कल्याण :** सोशल मीडिया फेसबुक पर राज ठाकरे के विरोध में विकास होले ने अपमानजनक पोस्ट लिखी, वहीं अजय पाटील ने उसे लाइक किया और राज के विरुद्ध अपमानजनक कॉमेंट्स कर दिया। यही नहीं, उन्होंने यह भी लिखा कि अगर हिम्मत है, तो हमारे खिलाफ मामला दर्ज कराओ। पोस्ट पर नजर पड़ते ही मनसे के उप शहर अध्यक्ष योगेश गंवाने ने कोलसेवाडी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवा दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### चेचक से पीड़ित ६ वर्षीय बच्ची की मौत

**नवी मुंबई:** तेज गर्मी और उमस के चलते शहर में चेचक फैलने लगा है। सूत्रों के अनुसार, नवी मुंबई परिसर की कई निवासी बस्तियों में छोटे बच्चों के चेचक से ग्रस्त होने की खबर है। सूत्रों के अनुसार, नवी मुंबई के गोठिवली परिसर में आरोही पाटील (६) को चेचक हो गया था और इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। इस बारे में मनपा के स्वास्थ्य विभाग का कहना था कि उन्हें भी इस घटना की जानकारी मिली है और विवरण इकट्ठा कर रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि औसतन १० साल से कम उम्र के बच्चे चेचक की चपेट में हैं।

### युवती को देखकर अश्लील हरकत, दो गिरफ्तार

**मुंबई:** २६ वर्षीय एक युवती से छेड़छाड़ करने के मामले में वर्ली पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के नाम सिंगोटवेल देवेंद्र (२५) और आनंद देवेंद्र (३८) हैं। मूल रूप से तमिलनाडु के रहने वाले आरोपी वर्ली इलाके में काम करते हैं। शुक्रवार को पीड़ित युवती ऑफिस से घर लौट रही थी। उस दौरान दोनों ने उससे रास्ते में छेड़छाड़ की।

### बुजुर्ग की हत्या, ३ गिरफ्तार

**मुंबई :** बोरीवली पुलिस ने ३ आरोपियों को एक बुजुर्ग की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी बेंगलुरु से की गई है। बताया जा रहा है कि लालच में आकर इन्होंने बुजुर्ग की गला घोंटकर कर हत्या कर दी थी और गिरफ्तारी के डर से मुंबई छोड़कर भाग गए थे।

### पुलिसकर्मी पर हमला, गिरफ्तार

**मुंबई :** वनराई में पार्किंग विवाद के चलते कुछ लोगों ने मौके पर मौजूद एक पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया। घटना बुधवार शाम की है। इस आरोप में वनराई पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य आरोपी फरार हैं।

### विरार में महिला की हत्या कर फेंका शव बरामद

**विरार :** विरार पुलिस ने गुरुवार की देर शाम मांडवी क्षेत्र के खैरापाडा इलाके से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि महिला की उम्र ३० से ३५ वर्ष है और उसकी गला घोंट कर हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात हत्यारों पर धारा ३०२,२०१ के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## संपादकीय

# चुनाव आयोग जिम्मेदार

यह गहन चिंता का विषय है कि पश्चिम बंगाल चुनावी हिंसा से मुक्त होने का नाम नहीं ले रहा है।

इस राज्य में मतदान के चौथे चरण के दौरान भी जिस तरह कई स्थानों पर हिंसा और धांधली देखने को मिली उससे यही स्पष्ट हो रहा है कि चुनाव आयोग अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह सही ढंग से नहीं कर पा रहा है। आखिर जब वह पिछले तीन चरणों में मतदान के समय इससे भली तरह अवगत हो चुका था कि सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस सरकार और उसका प्रशासनिक तंत्र स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध नहीं तो फिर ऐसे उपाय क्यों नहीं किए जा सके जिससे मतदाताओं को डरा-धमकाकर उन्हें वोट डालने से रोकने के साथ मतदान केंद्रों में धांधली करने वालों पर लगाम लग सकती? आज पश्चिम बंगाल में जैसी चुनावी धांधली देखने को मिल रही है वैसी ही कभी बिहार, हरियाणा और देश के कुछ अन्य हिस्सों में भी देखने को मिलती थी, लेकिन निर्वाचन आयोग ने सख्ती दिखाकर हालात बदल दिए। समझना कठिन है कि आज का निर्वाचन आयोग यही काम पश्चिम बंगाल में क्यों नहीं कर पा रहा है? क्या यह आवश्यक नहीं कि वह फर्जी मतदान वाले केंद्रों में फिर से मतदान के आदेश से और जिन अफसरों ने लापरवाही का परिचय दिया उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करे? केवल इतने से संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि पश्चिम बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाई गई है। अगर यह तैनाती अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रही है तो इसका मतलब है कि हालात कहीं अधिक गंभीर है। आज अगर चुनावी धांधली के लिए कोई राज्य कुख्यात है तो वह पश्चिम बंगाल ही है। चुनावों के दौरान करीब-करीब हर राज्य में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती करनी ही पड़ती है, लेकिन पश्चिम बंगाल में विपक्षी दल उन्हें मतदान केंद्रों में तैनात करने की मांग कर रहे हैं। इसका मतलब है कि राज्य के पुलिस एवं प्रशासन का हद से ज्यादा राजनीतिकरण हो गया है या फिर उसने सत्ताधारी दल की मनमानी के समक्ष हथियार डाल दिए हैं। दोनों ही स्थितियां शुभ संकेत नहीं। यह सामान्य बात नहीं कि आम लोग यह मांग कर रहे हैं कि वे वोट तभी डालेंगे जब मतदान केंद्रों में केंद्रीय बलों की तैनाती होगी। इस तरह की मांग तो यही बताती है कि लोगों का राज्य की मशीनरी पर से भरोसा उठ गया है। अगर पश्चिम बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की उपस्थिति के बावजूद चुनावी धांधली हो रही है तो इसका अर्थ है कि राज्य में लोकतांत्रिक तौर-तरीकों के लिए स्थान कम होता जा रहा है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि एक समय जिन अनुचित तौर-तरीकों का इस्तेमाल वामपंथी दल करते थे उनका ही सहारा तृणमूल कांग्रेस ले रही है। चूंकि इसके कहीं कोई आसार नहीं कि राजनीतिक दल साफ-सुथरे तरीके से चुनाव कराने में निर्वाचन आयोग का सहयोग देंगे इसलिए इसके अलावा और कोई उपाय नहीं कि आयोग अपेक्षित सख्ती का परिचय देने में संकोच न करे। यह आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है कि वह मतदान के आगामी चरणों को धांधली और हिंसा से मुक्त रखने के लिए हर संभव कदम उठाए।



# नक्सली हमले पर नेताओं में आक्रोश

**मुंबई :** नक्सली हमले को समाप्त करने के लिए तीव्र गति से प्रयत्न किया जाएगा। नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा, ऐसी चेतावनी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दी। गडचिरोली में पुलिस दल पर हुए नक्सली हमले का तीव्र निषेध व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे शहीद हुए जवानों के परिवारवालों के साथ हैं, इन शब्दों में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपनी भावना ट्वीट द्वारा व्यक्त की है।

महाराष्ट्र दिन पर गडचिरोली जिला के जांभूरखेड़ा गांव के पास भूमिगत सुरंग में हुए विस्फोट में १६ जवानों की मौत हो गई। नक्सलवादियों के इस कृत्य की सभी ओर निंदा हो रही है। केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी ने ट्वीट के माध्यम से कहा है कि नक्सलियों को इसकी बड़ी कीमत चुकानी होगी।

**दिया जाएगा मुंहतोड़ जवाब**

गडचिरोली में हुए नक्सली हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इसके लिए हम पूरी तरह से तैयार हैं, ऐसी जानकारी राज्य के पुलिस महानिदेशक सुबोध जैसवाल ने पत्रकार परिषद में दी। ऐसी घटना दोबारा न हो, इसके लिए घटनास्थल के पास पुलिस कार्रवाई शुरू है, ऐसा जैसवाल ने बताया। गुप्तचर विभाग फेल है, ऐसा हम नहीं मानते। अचानक हुआ यह बड़ा हमला है। आगे ऐसी घटनी न हो, इसकी पूरी सावधानी बरती जाएगी, ऐसा पुलिस महानिदेशक ने कहा।



**कायराना हमला**

नक्सल प्रभावित जिला गडचिरोली में भारी पैमाने पर मतदान हुआ। जनता ने निर्भय होकर मतदान किया। भारी पैमाने पर हुए मतदान से चिढ़े नक्सलियों ने पुलिस दल पर कायराना हमला किया, जिसमें १६ जवानों की मौत हो गई। इस हमले का सरकार मुंहतोड़ जवाब देगी, ऐसा वित्तमंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने कहा।

**इस्तीफा दें मुख्यमंत्री**

गडचिरोली के दादापुर स्थित करीब ३६ वाहनों को जलाने के बाद नक्सलवादियों ने वहां से ६ किमी दूरी पर जांभूरखेड़ा गांव के पास जनीन के अंदर सुरंग बनाकर विस्फोट की घटना को अंजाम दिया, जिसमें १६ जवानों की मौत हो गई। महाराष्ट्र दिन के अवसर पर पुलिस दल में इस घटना से शोक की लहर फैल गई है। इसी दरम्यान राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस्तीफे की मांग की है। गृहविभाग का उत्तरदायित्व मुख्यमंत्री के पास है। उनके मन में जरा भी लाज है तो तत्काल मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें। नक्सलवादी हमले का तीव्र निषेध करते हुए पवार ने कहा कि मारे गए जवानों के संबंध में दुख व्यक्त करने के सिवाय दूसरा विकल्प नहीं है। राज्य में नक्सलग्रस्त क्षेत्रों में कानून व्यवस्था को नजरअंदाज करने का उक्त परिणाम है, ऐसा पवार ने कहा।

# मिट्टी में फंसी मेट्रो की रफ्तार, पुलिस ने लटकाई 7 महीने जांच

**ठाणे :** ठाणे में मेट्रो निर्माण की रफ्तार सुस्त पड़ गई है। मेट्रो कॉरिडोर के लिए मिट्टी की जांच होनी थी पर पुलिस ने यह जांच ७ महीने आगे खिसका दी है जिससे निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। मुंबई-ठाणे मेट्रो परियोजना के लिए कापुरबावड़ी स्थित तत्वज्ञान विद्यापीठ के समीप मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) द्वारा मिट्टी का परीक्षण किया जानेवाला है। इस परीक्षण के लिए घोडबंदर मुख्यमार्ग के कुछ मीटर हिस्से का इस्तेमाल किया जानेवाला है। रास्ते के इस्तेमाल से जायज सी बात है कि कापुरबावड़ीवासियों को ट्रैफिक का सामना करना पड़ेगा। इस ट्रैफिक के कारण नासिक से मुंबई और ठाणे की ओर आनेवाले हजारों वाहनों को ट्रैफिक की समस्या का सामना करना पड़ेगा। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने



एमएमआरडीए को मिट्टी परीक्षण के कार्य को ७ महीने आगे ढकेलने का निर्देश दिया है।

बता दें कि एमएमआरडीए द्वारा ठाणे-मुंबई मेट्रो परियोजना ४ के लिए खुदाई के काम की शुरुआत कर दी गई है। जिस वजह से भारी ट्रैफिक की समस्या का सामना करना पड़ ही रहा था कि अब एमएमआरडीए द्वारा ठाणे से घोड़बंदर दिशा की ओर आनेवाले कापुरबावड़ी सिग्नल के समीप मिट्टी का परीक्षण किया जानेवाला है, जिसके लिए एमएमआरडीए ६ मीटर चौड़े मार्ग का इस्तेमाल करनेवाली है। इतनी भारी मात्रा में मुख्यमार्ग का हिस्सा मिलने से नासिक से ठाणे और मुंबई की ओर आनेवाले वाहनों को ट्रैफिक की समस्या का सामना करना पड़ेगा। कापुरबावड़ी ट्रैफिक पुलिस शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अरविंद सावंत ने बताया कि घोडबंदर रोड पर पिछले ६ से ७ महीने पहले से ट्रैफिक की समस्या हो रही हैं। ऐसे में अब एमएमआरडीए द्वारा कापुरबावड़ी पेट्रोल पंप के समीप मार्ग पर जमीन की मांग मिट्टी परीक्षण के लिए की गई है। इससे भविष्य में भारी ट्रैफिक की समस्या होगी इसलिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा एमएमआरडीए को मिट्टी परीक्षण के काम को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।

# इशरत जहां मुठभेड़ मामला: बरी हो गए डी.जी. वंजारा और एन.के. अमीन

**मुंबई :** इशरत जहां मामले में गुरुवार को सीबीआई अदालत ने पूर्व पुलिस अधिकारि डी. जी. वंजारा और एन. के. अमीन को आरोपमुक्त कर दिया। गुजरात सरकार ने दोनों पूर्व अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इसलिए विशेष अदालत ने दोनों को आरोप मुक्त कर दिया।

सीबीआई ने सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी डीजी वंजारा और एनके अमीन के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी थी। लेकिन गुजरात सरकार ने मार्च २०१९ में ही उन दोनों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति देने से इंकार कर दिया था। उसी के मद्देनजर सीबीआई कोर्ट ने गुरुवार को उन दोनों को आरोप मुक्त किए जाने का अहम फैसला सुनाया।

सीबीआई ने विशेष सीबीआई अदालत से कहा था कि इशरत जहां और तीन अन्य लोगों को फर्जी मुठभेड़ में मारने वाले पूर्व अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दी जाए। लेकिन गुजरात सरकार ने उन दोनों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति नहीं दी। जून २००४ में, मुंबई निवासी इशरत जहां (१९), उसका मित्र जावेद उर्फ प्राणेश और पाकिस्तानी मूल के जीशान जौहर और अमजद अली राणा को पूर्व आईजी वंजारा की टीम ने अहमदाबाद के बाहरी इलाके में मार गिराया था। इशरत जहां और उसके मित्रों को तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या करने के मिशन पर आने वाले आतंकवादी करार दिया गया था।

# पवार को है हार का यकीं




**मुंबई :** राजनीति के माहिर खिलाड़ी माने-जानेवाले राकांपा अध्यक्ष शरद पवार को आभास हो गया है कि महाराष्ट्र सहित देश में महाआघाड़ी की लोकसभा चुनाव में पराजय हो रही है। यही कारण है कि लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद संवाददाता सम्मेलन लेकर ईवीएम मशीन में गड़बड़ी होने की आशंका राकांपा अध्यक्ष शरद पवार, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्राबाबू नायडू आदि महाआघाड़ी के नेताओं ने जताई थी। इसके बाद कल शरद पवार ने कहा कि बारामती लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा जीत जाती है तो चुनाव प्रक्रिया से विश्वास उठ जाएगा। राकांपा अध्यक्ष ने कहा कि जो कभी चुनाव नहीं लड़े, वे बारामती जीतने का दावा कर रहे हैं, इससे यह आशंका हो रही है कि ईवीएम मशीन में कुछ गड़बड़ियां की गई हैं। बारामती सीट को लेकर जिस प्रकार से शरद पवार उक्त आशंका जता रहे हैं। उससे यह आभास हो रहा है कि राकांपा बारामती सीट से चुनाव हार रही है। इसलिए पवार ईवीएम आदि पर शंका पैदा करके अपना दामन बचाने का पहले से जुगाड़ बना रहे हैं।

बता दें कि बारामती लोकसभा सीट राकांपा का गढ़ मानी जाती है। इस सीट से पवार की पुत्री सुप्रिया सुले चुनाव लड़ रही हैं। इस सीट को जीतने का दावा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से लेकर भाजपा के वरिष्ठ मंत्री चंद्रकांत दादा पाटील कर रहे हैं। अगर बारामती सीट से सुप्रिया सुले चुनाव हार जाती हैं। तो पवार परिवार की प्रतिष्ठा मिट्टी में मिल जाएगी। पवार के बयान से राजनीतिक गलियारे में बारामती सीट से राकांपा हार रही है, इसकी चर्चा जोरों पर है।

# दवा के दान से मत बचाओ जान, खुद की बनाओ, टीवी के मरीजों को बचाओ

**मुंबई :** एक ओर सरकार टीबी के निर्मूलन के लिए योजनाओं पर योजनाएं बना रही है लेकिन दूसरी ओर दवा प्रतिरोधक क्षमता यानी एमडीआर टीबी से ग्रसित रोगियों को ठीक करने के लिए दान की दवाइयों पर निर्भर है। स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य करनेवाले, टीबी कार्यकर्ताओं और सामाजिक संस्थाओं ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि वे बेडाकुलिन बनानेवाली कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन से दान में दवाई न लें बल्कि खुद दवाइयां बनाएं और मरीज की जान बचाएं।



बता दें कि एक सर्वे में यह पाया गया कि देश में १.२५ लाख लोग एमडीआर टीबी से ग्रसित होते हैं। ऐसे में टीबी मरीजों के लिए जॉनसन एंड जॉनसन ने २०१६ में १० हजार दवाइयां हिंदुस्थान सरकार को दान के रूप में दी थीं। टीबी एक्टिविस्ट व सर्वाइवर गणेश आचार्य ने बताया कि ये दवा सभी मरीजों को मिलनी चाहिए थी लेकिन २०१८ तक सिर्फ १६०० रोगियों तक ही ये दवा पहुंच पाई। हिंदुस्थान सरकार पेटेंट कानून के तहत कंपनी को रॉयल्टी देकर खुद दवा निर्मित कर सकती है लेकिन दान की दवाइयों पर निर्भर रहने से सभी मरीजों को दवाइयां नहीं मिल रही हैं। दूसरी ओर बाजार में सिर्फ एक ही कंपनी का एकाधिपत्य बना हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री को लिखे गए पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि जॉनसन एंड जॉनसन द्वारा बनाए गए निम्न गुणवत्ता के हिप रिप्लेसमेंट के बाद उन पर कई मामले दर्ज हुए हैं ऐसे में सरकार कार्रवाई में नरमी बरते इसलिए वे यह दवाइयां दान के रूप में दे रहे हैं। टीबी कार्यकर्ता गणेश ने कहा कि सरकार को दान की दवाइयों पर निर्भर रहने के बजाय खुद दवाइयां निर्मित करनी चाहिए। यही मांग पत्र द्वारा लगभग २० से भी अधिक सामाजिक संस्थाओं, टीबी कार्यकर्ताओं व अन्य लोगों ने की हैं।

## मनपा ढूंढेगी रक्तचाप और डायबिटीज के मरीज, मुंबई में ३०० कैंप

**मुंबई :** मुंबई की भागदौड़ भरी जिंदगी और अनियमित जीवनशैली का असर मुंबईकरों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। हृदय विकार, डायबिटीज जैसे रोग का प्रमाण बढ़ता जा रहा है। चिंता का विषय यह है कि लगभग २५ से ३० प्रतिशत लोगों को यह पता नहीं होता कि उन्हें उक्त स्वास्थ्य समस्या है। ऐसे में अब मनपा के स्वास्थ्य विभाग ने मुंबई के विभिन्न क्षेत्रों में ३०० कैंप लगा कर रक्तचाप और डायबिटीज से ग्रसित रोगियों को ढूंढेगी व इलाज करेगी।

बता दें कि मुंबईकर सुस्त जीवनशैली, तनाव, बाहर के खान-पान और पैसे कमाने के चक्कर में इतने मशगूल हो गए कि वे अपने स्वास्थ्य समस्याओं को भी जाने-अनजाने नजरअंदाज कर रहे हैं। नतीजतन लोगों में उच्च रक्तचाप और डायबिटीज का प्रमाण बढ़ता जा रहा है। उक्त स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के लिए और रोगियों तक पहुंचने के लिए मनपा के स्वास्थ्य विभाग ने एक्शन प्लान तैयार किया है। मनपा उप कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतोष रेवनकर ने बताया कि हम मुंबई में ३०० मेडिकल कैंप लगाएंगे। इस मेडिकल कैंप में मुंबईकरों का रक्तचाप और शुगर जांचा जाएगा। हाल ही में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर ३ से ४ कैंप लिए गए थे, इसमें यह बात पता चली कि २५ से ३० फीसदी लोग इस बात से अनजान थे कि उन्हें शुगर और डायबिटीज है। यदि समय पर इन रोगियों की पहचान कर इनका इलाज नहीं किया गया तो उक्त व्यक्ति आगे चलकर हार्ट अटैक, ब्रेन हेमरेज व अन्य घातक बीमारियों का शिकार बन सकते हैं।

# मुंबई के शिवाजी पार्क में महाराष्ट्र दिवस का आयोजन

**मुंबई** के शिवाजी पार्क में महाराष्ट्र दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फड?वीस और राज्यपाल सी विद्यासागर राव उपस्थित हैं। आज के ही दिन भारत के इस राज्य 'महाराष्ट्र' की स्थापना हुई थी। १ मई को भारत की तत्कालीन नेहरू सरकार ने बॉम्बे प्रदेश को 'बॉम्बे पुनर्गठन अधिनियम १९६० के तहत दो राज्यों में बांट दिया- महाराष्ट्र और गुजरात।

गौरतलब है कि राज्यों के पुनर्गठन अधिनियम १९५६ के तहत कई राज्यों का गठन किया गया था। इस अधिनियम के तहत सिर्फ महाराष्ट्र ही नही बल्कि कन्नड़ भाषी लोगों के लिए कर्नाटक राज्य बनाया गया, तेलुगु भाषी लोगों को आंध्र प्रदेश मिला। इसी तरह मलयालम भाषियों को केरल और तमिल बोलने वालों के लिए तमिलनाडु राज्य बना। लेकिन मराठियों और गुजरातियों को अलग राज्य नहीं मिला था। इसी मांग को लेकर कई आंदोलन हुए। बता दें कि १ मई १९६० को भारत की तत्कालीन नेहरू सरकार ने बॉम्बे प्रदेश को 'बॉम्बे पुनर्गठन अधिनियम १९६० के तहत दो राज्यों में बांट दिया- महाराष्ट्र और गुजरात। दोनों राज्यों में बॉम्बे को लेकर भी विवाद हुआ था। मराठियों का कहना था कि बॉम्बे उन्हें मिलना चाहिए क्योंकि वहां पर ज्यादातर लोग मराठी बोलते हैं, जबकि गुजरातियों का कहना था कि बॉम्बे जो था, वो उनकी बदौलत था। आखिरकार बॉम्बे को महाराष्ट्र की राजधानी बनाया गया।

# एनसीपी के निशान पर लड़ने की सलाह गलत थी: विखे पाटील

**मुंबई :** कांग्रेस नेता राधाकृष्ण विखे पाटील का कहना है कि जब राहुल गांधी ने सुजय विखेपाटील को एनसीपी के चुनाव चिह्न पर लोकसभा चुनाव लड़ने की सलाह दी, तो वह उनके लिए बड़ा आघात था। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी उनके पीछे खड़ी नहीं रही है। कांग्रेस नेता राधाकृष्ण विखे पाटील ने अपने डॉक्टर बेटे सुजय को अहमदनगर लोकसभा चुनाव क्षेत्र से लड़ाने के लिए महाराष्ट्र से दिल्ली तक एक कर दिया था। उन्होंने दिल्ली से गुहार भी लगाई कि कांग्रेस अहमदनगर सीट एनसीपी से ले लें, क्योंकि एनसीपी वहां से लगातार चुनाव हार रही है। एनसीपी को यह बात समझाने के लिए राहुल गांधी से लेकर दिल्ली के कांग्रेस नेताओं ने कोई कोशिश नहीं की, उल्टे राहुल गांधी ने एनसीपी के चुनाव चिह्न पर सुजय को लड़ाने का सुझाव दिया। अहमदनगर निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद राधाकृष्ण विखेपाटील ने प्रेस कांफ्रेंस कर अपने दिल की बात रखी। उन्होंने



कहा कि अहमदनगर से एनसीपी लगातार तीन बार हार चुकी है, इसलिए उन्हें इस सीट पर दावेदारी छोड़ देनी चाहिए थी, लेकिन उन्होंने जानबूझकर दावेदारी रखी ताकि विखेपाटील परिवार को लोकसभा का टिकट नहीं मिल सके।

उन्होंने कहा कि जब राहुल गांधी से वे सीट की चर्चा कर रहे थे, तब शरद पवार ने उनके पिता बालासाहेब विखेपाटील के खिलाफ अपमानजक बयान दिया, जो हमारे परिवार के मन पर चोट कर गया। तभी बेटे ने कांग्रेस छोड़ने का मन बनाया।

उस वक्त भी कांग्रेस उनके साथ खड़ी नहीं रही। नेता प्रतिपक्ष पद से उनका इस्तीफा राहुल गांधी ने स्वीकार कर लिया है, ऐसा उन्हें बताया गया है। साढ़े चार साल तक बतौर नेता प्रतिपक्ष मैंने महाराष्ट्र के जनता की आवाज सदन से सड़क तक उठाई। कांग्रेस नेता व महाराष्ट्र के प्रभारी मल्लिकार्जुन खडगे ने विखेपाटील के बारे में कहा कि पार्टी अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं करेंगी। उन्होंने पार्टी के आदेशों का उल्लंघन किया है इसलिए पार्टी उन कार्रवाई करेगी।


## आवश्यकता है

मुंबई, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, पालघर, इलाहाबाद, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ, आजमगढ़, लखनऊ इत्यादि जिलों से अंशकालिक संवाददाताओं की आवश्यकता है। संपर्क करें :

संपर्क : मो. ९८२१२८७९०५, ९३२२२४८३५३-९१६७००९६२९

Email : metrodinank@gmail.com

## Advertisment Rates

Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)

| Size | B/W (Rs.) | 4 Col. (Rs.) |
|---|---|---|
| Full Page | 30,000 | 50,000 |
| Half Page | 16,000 | 30,000 |
| Quarter Page | 8,000 | 16,000 |
| V card size | 4,000 | 9,000 |

**MEMBERSHIP**

5 Year - 1000 Life time - 3000
Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"



प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड ( पूर्व ), मुंबई- 97 से प्रकाशित। **संपादक** - दीनानाथ एम. तिवारी, **कार्यकारी संपादक**- कर्ण हिन्दुस्तानी, **उपसंपादक**- शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल **संरक्षक**- वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) - **चीफ एड डिपार्टमेन्ट**- निलेश पांडे **वितरक**-सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)

**उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ** : बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी
**कानून सलाहकार**- डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, **संपर्क : टेलीफैक्स** 022-29656280,
मो. 9821287905, 9322248353-9167009629
Email : metrodinank@gmail.com
Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009


नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें

## संक्षिप्त न्यूज

### कोस्ट गार्ड ने बचाई खिलाड़ियों की जान

**मुंबई:** मालाड के मालवणी स्थित अक्सा बीच पर समुद्र में डूब रहे दो खिलाड़ियों को वहां मौजूद कोस्ट गार्ड की सतर्कता से बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार, तीन युवक स्कूल स्तर पर क्रिकेट खेलते हैं और अभ्यास करने के लिए अक्सा बीच गए थे। खेलने के बाद तीनों नहाने चले गए। तुषार पवार गहरे पानी में चला गया, जिसे बचाने गया शुभम विश्वकर्मा भी फंस गया। इस बीच, कोस्ट गार्ड ने उन्हें बाहर आने को कहा, जब हालात गंभीर होने लगे, तो कोस्ट गार्ड स्वतेज कोलंबकर, एकनाथ तांडेल, चिराग पागदरे, तुषार मेहेर, रुतिक नशीबा और नथुराम सुर्यवंशी ने दोनों को बचा लिया।

### सिलिंडर ब्लास्ट होने में २ मजदूरों की मौत

**कल्याण:** डोंबिवली में केमिकल की एक कंपनी में सिलिंडर ब्लास्ट होने से २ मजदूरों की मौत हो गई है। घटना शनिवार देर रात की है। डोंबिवली एमआईडीसी फेज २ के प्लॉट नंबर १ स्थित डॉर्टमुंड लेबोरेट्रीज प्रा.लि. दवाइयां बनाने वाली कंपनी है। कंपनी में एयरकंडीशनर के कंप्रेशर में धमाका हो गया, जिससे आग लग गई। वहां काम करने वाले दो मजदूर कमलेश यादव और गिरीधर यादव झुलस गए थे, जिनकी अस्पताल में मौत हो गई।

### भिवंडी में २०२ किलो गोमांस जब्त

**भिवंडी:** भोईवाडा पुलिस ने सौदागर मोहल्ला स्थित अल कबीर बीफ की दुकान में छापा मारकर २०२ किलो गोमांस बरामद करके चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें बैल बेचने वाला किसान भी शामिल है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्रामीण इलाके से गाय एवं खेती के उपयुक्त पशुओं को लाकर सौदागर मोहल्ला स्थित अल कबीर बीफ की दुकान में काटा जाता है। पुलिस ने नमूने जांच के लिए भेज दिए है।

### शहीद की पत्नी बनीं ठकठक गिरोह की शिकार

**मुंबई:** शहीद अशोक कामटे की पत्नी के दोस्त को ठकठक गिरोह ने ठग लिया। घटना वर्ली पुलिस की है। पीड़ित बिनीता कामटे ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त मेरियट और फ्रांसिस के साथ वर्ली नाका से गुजर रही थीं। उस दौरान वह और फ्रांसिस एक एटीएम से पैसे निकालने गए। इस बीच, एक व्यक्ति ने कार के पास आकर शीशा खटखटाया और मेरियट से कहा की उसके पैसे गिरे हैं। जैसे ही मेरियट कार से बाहर आईं और नीचे गिरे १० रुपये को उठाने के लिए झुकीं।

# नक्सलवाद करो नेस्तनाबूद!, मुंबईकरों की मांग, पुलवामा की तरह स्ट्राइक करो

**मुंबई :** गडचिरोली में हुए नक्सली हमले में १६ जवानों के मारे जाने के बाद मुंबईकर आक्रोश में हैं। वे चाहते हैं कि नक्सलियों के खिलाफ सरकार तुरंत कठोर कार्रवाई करे और नक्सलवाद को नेस्तनाबूद करे। जिस तरह पुलवामा हमले के बाद जैश के कैंप पर स्ट्राइक किया गया था कुछ वैसा ही स्ट्राइक नक्सलियों के खिलाफ भी किया जाए ताकि आए दिन हमारे जवानों पर होनेवाले नक्सली हमलों पर काबू पाया जा सके।

मुंबई के उद्योगपति मनोभव त्रिपाठी का कहना है कि जिस प्रकार से सेना ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक करके आतंकवादियों को नेस्तनाबूद कर दिया था, उसी प्रकार अब नक्सलवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने की आवश्यकता है। उन्हें जड़ से उखाड़ फेंकना चाहिए ताकि भविष्य में पुलिस जवानों या आम जनता पर इस तरह का हमला न हो। उत्तर-मुंबई जिला भाजपा के महामंत्री योगेंद्रनाथ पांडेय उर्फ योगी बाबा ने नक्सलवादी हमले में शहीद हुए जवानों पर दुख व्यक्त करते



हुए कहा कि सरकार को अब नक्सलियों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़नी चाहिए। जिस प्रकार से आतंकवादियों के खिलाफ मोदी सरकार ने कदम उठाया, उसी प्रकार से नक्सलियों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक के माध्यम से या अन्य किसी भी माध्यम से नक्सलियों को नेस्तनाबूद करने का समय आ गया है। सरकार को इसके लिए कड़ा कदम उठाने की आवश्यकता है।

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता आदित्य दुबे ने नक्सलियों पर हुए हमले में शहीद हुए जवानों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि नक्सलवाद या आतंकवाद इन सबको नेस्तनाबूद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार का खुफिया विभाग पूरी तरह से असफल रहा है, जिसके कारण १६ जवानों को शहीद होना पड़ा। आगे से ऐसी घटना न हो, इसके लिए कड़े कदम उठाने की बात दुबे ने कही। व्यापारी शिवगोविंद श्रीवास्तव का कहना है कि घर में बैठे नक्सलियों को अब नेस्तनाबूद किए बिना सरकार को चैन से नहीं बैठना चाहिए। इसके लिए जो भी आवश्यक कदम हो उठाना चाहिए। इसमें नेता, प्रशासनिक अधिकारी या अन्य जो कोई भी शामिल हो, किसी को भी छोड़ना नहीं चाहिए। अब सरकार को कड़ा कदम उठाना ही चाहिए। इसी प्रकार अशोक अग्रवाल, श्रीराम, शालू उस्ताद, मासूम रजा, संतोष आदि मुंबईकरों का भी कहना है कि सरकार को अब नक्सल को नेस्तनाबूद करके ही दम लेना चाहिए।

# प्लास्टिक से लड़ेंगे ठाणे के वॉरियर्स



**ठाणे :** प्लास्टिक पूरी दुनिया के पर्यावरण को बर्बाद कर रही है। दुनिया को बचाना है तो प्लास्टिक को हराना है। कुछ इसी मंत्र के साथ ठाणे के वॉरियर्स (लड़ाके) प्लास्टिक को हराने के लिए मैदान में उतरे हैं। उनका कहना है कि इस प्लास्टिक के संकट से दुनिया को बचाना है तो प्लास्टिक के इस्तेमाल को पूर्ण रूप से रोका जाना जरूरी है।

ठाणे के ये वॉरियर्स दरअसल चार युवाओं का इक समूह है। इन युवाओं ने अपनी दिनचर्या में इस्तेमाल होनेवाली प्लास्टिक की वस्तुओं का इस्तेमाल पूरी तरह से बंद कर दिया है। अब वे समाज को भी इसके प्रति जागरूक कर रहे हैं। ठाणे की रहनेवाली अमृता मोहन (२६) ने बताया कि उनके द्वारा प्लास्टिक के कचरे का निर्माण न हो इसलिए वह अपने ही घर पर टूथपेस्ट बनाती हैं। साथ ही वे बांस के ब्रश का इस्तेमाल करती हैं।

उनका कहना है कि सेनेटरी नैपकिन में कुछ हद तक प्लास्टिक का समावेश होता है इसलिए वे सैनेटरी पैड का इस्तेमाल न कर सिलिकॉन के कपड़े से बने मेंस्टुअल कप का इस्तेमाल करती हैं। पिछले एक वर्ष से वह प्लास्टिक की वस्तुओं का इस्तेमाल नहीं कर रही हैं। मुलुंड के रहनेवाले पवित्र श्रीवास्तव ने बताया कि सबसे घातक कचरा कहें तो प्लास्टिक है क्योंकि उसे नष्ट करना लगभग असंभव ही है, इसलिए प्लास्टिक के इस्तेमाल से दूर रहकर कचरा कम करने से भविष्य सुरक्षित हो सकता है। इसलिए पवित्र फटे-पुराने कपड़ों का इस्तेमाल कर बैग बनाते हैं। अब तक उन्होंने अपने दोस्तों को १० से अधिक बैग बनाकर दिए हैं और साथ ही वे अपने दोस्तों को प्लास्टिक इस्तेमाल न करने की सलाह भी देते हैं।

ठाणे के रहनेवाले शुशांक तोमर (२२) ने बताया कि हमारे घर में जीरो प्लास्टिक यूज की नीति अपनाई जा रही है। इसलिए मैं खुद से ही शेविंग जेल, टूथपेस्ट, बांस का ब्रश, कांच की बोतल और जब तक कपड़े पूरी तरह फट नहीं जाते तब तक उसका इस्तेमाल करता हूं। ठाणे के रहनेवाले प्रणव त्रिवेदी ने बताया कि हमारा पूरा परिवार प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करता। घर पर ही टूथपेस्ट बनाकर इस्तेमाल करते हैं, साथ ही प्लास्टिक की चीजें बिल्कुल भी इस्तेमाल नहीं करते।

### पड़ोसी का झगड़ा छुड़ाना पड़ा महंगा

**मुंबई :** पंत नगर पुलिस ने ३२ साल के एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिस पर पड़ोसियों के घर को जलाने का आरोप है। आरोपी का नाम अशोक शर्मा है। शर्मा पर आरोप है कि वह नशे में अक्सर पत्नी को प्रताड़ित करता था। उस दौरान पड़ोसी उसकी पत्नी को बचाने के लिए आ जाते थे। पड़ोसियों द्वारा किए गए बीच-बचाव से शर्मा बुरा मान जाता और उनसे झगड़ने लगता था। हद तो तब हो गई, जब २६ अप्रैल को शर्मा ने पड़ोसियों के घर को जलाने की कोशिश की। हालांकि, समय रहते अग्निशमन विभाग के लोग मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पा लिया गया।

### नालासोपारा में तीन बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नालासोपारा :** पालघर एसएस ब्रांच (अनैतिक मानवी वाहतुक शाखा) की टीम ने मंगलवार शाम नालासोपारा के टाकीपाडा इलाके में छापेमारी के दौरान तीन बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम ५ बजे पालघर एसएस ब्रांच की टीम को सूचना मिली कि टाकीपाडा स्थित सारा अपार्टमेंट में कुछ बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं। सूचना के बाद टीम ने एक फ्लैट पर छापामार कर विपुल यूनुस मियां (२४) नाजीर हुसैन इस्माइल शेख (२२) व सुमय्या यास्मीन इदरिश अली (२४) को गिरफ्तार किया है।

### कंटेनर ने बाइक सवार को कुचला

**वसई :** वालीव पुलिस स्टेशन क्षेत्र के कामन-भिवंडी रोड पर मंगलवार की दोपहर एक तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार को कुचल दिया। इस हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, संतोष भुवन स्थित वालईपाडा निवासी राधेश्याम विजय बहादुर यादव (५७) मंगलवार की दोपहर ३ बजे अपनी बाइक से कामन रोड से चिंचोटी की तरफ आ रहा था। जैसे ही वह भजनलाल तबेला के पास पहुंचा, पीछे से तेज रफ्तार कंटेनर ने उसे जोरदार ठोकर मार दी।

# तेज बहादुर का पर्चा खारिज सिद्धू पर भी साधा निशाना





**वाराणसी :** पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ वाराणसी से एसपी-बीएसी गठबंधन के प्रत्याशी तेज बहादुर यादव का नामांकन पत्र खारिज हो गया है। तेज बहादुर सेना में खाने की क्वॉलिटी पर सवाल उठाकर चर्चा में आए थे, बाद में उन्हें बर्खास्त कर दिया गया था। तेज बहादुर ने पहले निर्दलीय, फिर एसपी प्रत्याशी के रूप में पर्चा भरा था। दोनों में कुछ जानकारियां अलग थीं। इस पर उन्हें नोटिस दिया गया था। बीएसएफ से एनओसी लाने को भी कहा गया। तेज बहादुर से नोटिस में कहा गया था कि वह बीएसएफ से एनओसी लेकर आएं, जिसमें यह साफ किया गया हो कि उन्हें किस वजह से नौकरी से बर्खास्त किया गया था। डीएम ने कहा कि बुधवार दोपहर तक तेज बहादुर न तो नोटिस का समुचित जवाब दे पाए, न ही एनओसी दे सके। तेज बहादुर ने भाजपा पर आरोप लगाया, वहीं उनके वकील ने सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही है। तेज बहादुर का पर्चा खारिज होने पर अब शालिनी यादव गठबंधन की उम्मीदवार होंगी।

उधर, एमपी के होशंगाबाद में मोदी ने नवजोत सिंह सिद्धू के बयान की ओर इशारा करते हुए कहा, 'कांग्रेस मुझसे इस हद तक नफरत करती है कि अब हत्या करवाने के सपने भी देखने लगी है। कांग्रेस को बताना चाहिए कि वह किस टीम से खेल रही है/ भारत की टीम से या पाकिस्तान के सरपरस्तों की टीम से/'

**प्रयागराज/होशंगाबाद :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता उनसे इतनी नफरत करने लगे हैं कि उनकी हत्या करवाने के सपने देख रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने १९५४ में आयोजित कुंभ में कथित अव्यवस्थाओं को लेकर देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू पर सीधा निशाना साधा।

कौशाम्बी की जनसभा में मोदी ने इस बार प्रयागराज कुंभ का जिक्र करते हुए योगी सरकार की खूब तारीफ की। वहीं, १९५४ के कुंभ को लेकर कहा, 'उस वक्त नेहरू जब मेले में आए थे, तो अव्यवस्थाओं के कारण भगदड़ मच गई थी। हजारों लोग मारे गए थे। लेकिन सरकार और नेहरू पर दाग न लग जाए, इसलिए खबरें दबा दी गईं। जिन परिवारों ने अपने सदस्य खोए, उन्हें एक रुपया भी नहीं दिया गया। भगदड़ के बाद जो हुआ, वह असंवेदनशीलता और जुल्म था। ऐसा पाप देश के प्रथम प्रधानमंत्री के समय हुआ है।

**कुंभ हादसे के बहाने नेहरू का जिक्र कर कांग्रेस पर बरसे मोदी**

मेरा नामांकन गलत तरीके से रद्द किया गया है। मुझे मंगलवार शाम ६:१५ बजे तक सबूत देने के लिए कहा गया था, मैंने सबूत दिए भी। इसके बावजूद मेरा नामांकन रद्द कर दिया गया। हम इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

### कमिश्नर करेंगे मॉनसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा

**मुंबई :** बीएमसी कमिश्नर अजोय मेहता कल यानी ४ मई, शनिवार को मॉनसून पूर्व तैयारियों का जायजा लेंगे। नाला सफाई, रोड समेत तमाम कार्यों की इस बैठक में समीक्षा की जाएगी। मॉनसून की तैयारियां हर साल मई अंत तक पूरी करने का लक्ष्य रहता है। इस बार चुनावों के चलते ज्यादातर अधिकारी चुनावी कार्यों में लगे हुए थे। इस वजह से कार्य की प्रगति की सही ढंग से समीक्षा नहीं हो सकी। मॉनसून से पहले नाला सफाई, रास्तों और जंक्शन के काम, पानी भरने वाले स्थानों के लिए उचित व्यवस्था और पेड़ छटाई जैसे कई काम पूरे किए जाते हैं। बीएमसी कमिश्नर हर महीने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हैं। इस बार की बैठक में पूरा जोर केवल मॉनसून पूर्व तैयारियों पर रख गया है।


नाला सफाई का काम मंद: भाजपा मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार ने अपने इलाकों में नाला सफाई का जायजा लिया। चुनाव पूर्व कार्यों का जायजा लेने हर साल नेताओं का दौरा होता है। अब तक चुनाव में व्यस्त रहने की वजह से नेताओं ने इस पर ध्यान नहीं दिया। हालांकि, चुनाव खत्म होने के बाद अब दौरे शुरू हो गए हैं। शेलार ने कमिश्नर अजोय मेहता से लिखित स्पष्टीकरण मांगा।

*गुड़गांव के रेस्टोरेंट का विडियो वायरल*

### छोटे कपड़ों में देख महिला बोली, इसका रेप होना चाहिए



**गुड़गांव:** मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली एक युवती अपनी फ्रेंड्स के साथ गुड़गांव के जेएमडी मेट्रोपोलिस मॉल स्थित रेस्तरां में लंच करने गई तो पास बैठी एक महिला उनके छोटे कपड़ों को लेकर भद्दे कॉमेंट करने लगी। महिला ने यहां तक कह दिया कि ऐसी लड़कियों का तो रेप होना चाहिए। युवती ने विरोध जताया, फिर भी महिला ने माफी नहीं मांगी। माफी की मांग करते हुए लड़कियों ने महिला का विडियो बना लिया। युवती ने इसका विडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो वायरल हो गया। युवती ने गुरुवार को पुलिस में कंप्लेंट करने की बात भी कही है। पीड़ित युवती जेएमडी मेट्रोपोलिस मॉल स्थित एक कंपनी में बतौर कंटेंट राइटर जॉब करती है। महिला के इस रवैया की चारों ओर निंदा की जा रही है।

# मुंबई शहर २०१९ लोक सभा चुनावों का औसत ५० % से अधिक रहा

**पूजा पाण्डेय**

**मुंबई :** लोक सभा २०१९ के चुनाव में मुंबईकरों ने पिछले २०१४ के मतदान के मुकाबले काफी उत्साह बताया। भारी गर्मी के प्रकोप से लड़कर लोगों ने धुप या गर्मी की परवाह किये बिना मतदान केंद्र अपने मत का उपयोग किया। मुंबई में कई जगहों पर काफी रोचक दृश्य देखने मिले। माहिम में वृद्ध महिला को उसके परिवारजनों ने कुर्सी में उठाकर मतदान केंद्र मतदान के लिए ले गए। जोगेश्वरी



पश्चिम में भी ऐसा ही दृश्य देखने को मिला। ठाणे लोकसभा के कोष क्षेत्र में तोह १०८ साल की की वृद्ध महिला ने स्वंय जाकर मतदान किया। बता दें की २०१४ के लोक सभा चुनाव में मुंबई में अधिकतम ४३ प्रतिशत मतदान किया गया था जिसके मुक़ाबले २०१९ के लोकसभा चुनाव के दिन आज मुंबई में ५० प्रतिशत से ज़्यादा मतदान किया गया। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में अगली सरकार चुनने में अपनी औपचारिक भागीदारी को चिह्नित करते हुए, मुंबई में सोमवार को बड़ी संख्या में पहली बार मतदाता वोट डालने के लिए निकले। पहली बार के मतदाताओं के बीच उत्साह स्पष्ट था, जिन्होंने खुले तौर पर उम्मीदवारों के बारे में अपने विचार व्यक्त किए और जिनके लिए उन्होंने वोट दिया। वहीं पोलिंग बूथों पर बॉलीवुड के सितारे भी अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करते दिखाई दिए। मुंबई का मतदान दिनांक २९-अप्रैल २०१९ की शाम को संपन्न हुआ। भारत में अभी और ३ चरणों में चुनाव अभी बाकी है। साप्ताहिक राष्ट्रीय समाचार पत्र देश की जनता से अनुरोध करता है के अपने मतदान का उपयोग अवश्य करें।

**मुंबई की ६ सीटों के लिए मतदान प्रतिशत इस प्रकार रहा:**

मुंबई नार्थ - ५४.७२ %
मुंबई नार्थ वेस्ट - ५०.३७ %
मुंबई नार्थ ईस्ट - ५१.५९ %
मुंबई नार्थ सेंट्रल - ४७.११ %
मुंबई साउथ सेंट्रल - ५१.४५ %
मुंबई साउथ- ४६.९० %

**चौथे चरण के लिए अन्य राज्यों में अब तक के मतदाता प्रतिशत का अनुमान औसतन**

बिहार - ५३.६७%
जम्मू कश्मीर - ९.७९%
मध्य प्रदेश - ६५.८६%
महाराष्ट्र - ५१.०६%
ओडिशा - ६४.०५%
राजस्थान - ६२.६६%
उत्तर प्रदेश - ५३.१२%
पश्चिम बंगाल - ७६.४७%
झारखंड - ६३.४०%

# भारत में बड़े धमाके की तैयारी?

## ISI और ISIS की गुप्त मीटिंग में हुई प्लानिंग

**नई दिल्ली:** केंद्रीय खुफिया एजेंसी ने गृह मंत्रायल को भेजे रिपोर्ट में कहा है कि पाकिस्तान की आइएसआई भारत में बड़े फिदायीन हमले कराने के लिए जैश और घ्एघ्ए के आतंकियों को करीब ला रही है. रिपोर्ट के मुताबिक आइएसआई ने कुछ दिनों



पहले अफ़ग़ानिस्तान में जैश और घ्एघ्ए के आतंकियों के बीच गुप्त बैठक कराई है. सिर्फ यही नहीं पाकिस्तान की आइएसआई जैश और तालिबान को भी एक साथ लाने की तैयारी में पिछले कई महीनों से लगी हुई है, जिससे कश्मीर में पुलवामा जैसे और हमले कराये जा सकें. गृह मंत्रायल के एक अधिकारी के मुताबिक, 'जैश के आतंकी अफ़ग़ानिस्तान में तालिबानी आतंकियों के साथ लंबे वक़्त से नाटो फोर्सेज के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं. ऐसे में हम इस नए इनपुट पर नज़र बनाये हुए हैं, लेकिन जिस तरह जैश और घ्एघ्ए के बीच मेलजोल बढ़ाने की कोशिश की जा रही है उससे यही लगता है की आइएसआई भारत के खिलाफ बड़ी साजिश रचने में लगा हुआ है.

खुफ़िया एजेंसीज़ ने एक ऐसे ही रिपोर्ट में जानकारी दी थी कि बालाकोट में भारतीय वायु सेना की तरफ से किये गये एयर स्ट्राइक के बाद एक बार फिर से जैश ए मोहम्मद चीफ अजहर मसूद सक्रिय हो गया है. खुफिया एजेंसियों की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दिनों अजहर मसूद ने जैश आतंकियों के साथ बैठक कर भारत पर पुलवामा जैसे एक और बड़े आतंकी हमले के लिए तैयार रहने को कहा है. वहीं अजहर मसूद ने मीटिंग के दौरान ये भी कहा कि वो पिछले १७ सालों में कभी न तो बीमार हुआ और न ही वो कभी अस्पताल में भर्ती हुआ है.

मसूद अजहर ने ये भी कहा है कि उसके स्वास्थ के बारे में गलत खबरें फैलाई जा रही है. हम आपको बता दें कि बालाकोट में जैश के कैंप पर हुए एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह मुहम्मद कुरैशी ने एक विदेशी चैनल को दिये इंटरव्यू में कहा था कि अजहर मसूद को किडनी की गंभीर बिमारी है और उसका स्वास्थ्य काफी खराब है. शाह कुरैशी ने कहा था कि भारत जिस तरह से मसूद अजहर पर भारत पर हमले के आरोप लगा रहा है वो झूठे हैं.

**जैश ने भारत में हमले की बनाई रणनीति**

खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक अजहर मसूद ने पिछले दिनों बहावलपुर में जैश के कई बड़े आतंकियों के साथ बैठक की है और फिदायीन हमलों के लिए जैश की तैयारियों का जायजा लिया है. यही नहीं जैश के बहावलपुर कैंप में मीटिंग के दौरान मसूद ने भारत पर पुलवामा जैसे और बड़े आतंकी हमले के लिए तैयार रहने को कहा है. जाहिर है कि दुनिया भर से पाकिस्तान पर पड़ने वाले अतंराष्ट्रीय दवाब का कुछ खास असर पाकिस्तान पर होता नहीं दिख रहा है. केंद्रीय सुरक्षा में तैनात एक अधिकारी के मुताबिक, 'बालाकोट में जैश के कैंप पर हुए एयर स्ट्राइक के बाद से जैश ए मुहम्मद के नेटवर्क पर हम लगातार नज़र रखे हुए हैं. हम ये भी देख रहे हैं कि पाकिस्तान ने क्या वाकई में जैश के खिलाफ कोई कार्रवाई की है या फिर दिखावा कर रहा है.' भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में जैश ए मोहम्मद पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, लेकिन जिस तरह से चीन मसूद अजहर के बचाव में सामने आया है उससे पाकिस्तान जैश पर कार्रवाई करने में आनाकानी कर रहा है. खुफिया एजेंसियों की इस रिपोर्ट से सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ गई है जाहिर है जब तक अजहर मसूद और जैश पर कड़ी कारवाई नहीं की जाती तब तक जैश के भारत पर हमले के खतरे कम नहीं होगें.

# विरार गैंगरेप का एक आरोपी सोलापुर से गिरफ्तार

**विरार :** गैंगरेप के एक आरोपी को आखिरकार विरार पुलिस ने १५ दिन बाद सोलापुर से गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका साथी अब भी फरार है।

आरोपी को वसई कोर्ट ने ७ दिन की पुलिस हिरासत में भेजा है। बता दें कि १५ अप्रैल की रात विरार (पूर्व) में १५ वर्षीय लड़की के साथ दो लोगों ने गैंगरेप किया था। घटना के वक्त लड़की अपने परिचित युवक के साथ बात कर रही थी। आरोपियों ने युवक को एक पेड़ से बांध दिया था।

# आइसक्रीम बेचने वाले को बस ने कुचला

**पालघर:** मुंबई-अहमदाबाद हाइवे के दापचरी गांव के पास एक तेज रफ्तार बस ने आइसक्रीम बेचने वाले को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, उमरगांव निवासी अंबिका प्रसाद किशोरी लाल शर्मा (४६) दापचरी गांव पास आरटीओ चेक पोस्ट पर आइसक्रीम बेचता था। बुधवार शाम वह आइसक्रीम से भरे डिब्बे लेकर सड़क पार कर रहा था, तभी मुंबई से गुजरात की तरफ जा रही तेज रफ्तार बस ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

# 24 राज्यों में वोटिंग पूरी, ये 5 राज्य तय करेंगे केंद्र की कुर्सी किसकी?

**वी. बी. मानिक**

लोकसभा चुनाव २०१९ के चौथे चरण की ७२ संसदीय सीटों पर वोटिंग जारी है. देश के ३६ राज्यो में से २४ राज्य की सीटों पर सोमवार को चुनाव पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगे. इनमें देश की कुल ५४३ लोकसभा सीटों में से २७१ सीटें शामिल हैं. नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी दोबारा से सत्ता में वापसी के लिए बेताब है, जबकि राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस अपनी खोई हुई सियासी जमीन को वापस पाने की कवायद में है. अब सत्ता का फैसला देश के पांच राज्य तय करेंगे.



देश में उत्तर प्रदेश के बाद सबसे ज्यादा सीटें महाराष्ट्र में हैं. यहां कुल ४८ लोकसभा सीटें हैं, जिनमें से शुरुआती तीन चरण में ३१ सीटों पर वोट डाले जा चुके हैं. बाकी बची १७ सीटों पर चौथे चरण में सोमवार को वोटिंग हो रही है. पिछले चुनाव में बीजेपी-शिवसेना ने कांग्रेस-एनसीपी का पूरी तरह से सफाया कर दिया था. बीजेपी २३ और शिवसेना १८ सीटें जीतने में कामयाब रही थी. जबकि कांग्रेस को २, एनसीपी को ४ और स्वाभिमान पक्ष को १ सीट मिली थी. इस बार के चुनाव में दोनों गठबंधन के बीच कांटे का मुकाबला माना जा रहा है. ऐसे में केंद्र की सत्ता में महाराष्ट्र की भूमिका अहम होगी. तमिलनाडु की कुल ३९ लोकसभा सीटों में से ३८ पर दूसरे चरण में मतदान पूरा हो गया है. वेल्लोर सीट पर चुनाव लड़ रहे एक उम्मीदवार के घर से कैश बरामद होने के चलते चुनाव स्थागित कर दिए थे, जिस पर मतदान बाद में होगा. राजनीतिक रूप से तमिलनाडु काफी महत्वपूर्ण राज्य माना जा रहा है. २०१४ के चुनाव में AIADMK को ३७, PMK को १ और बीजेपी को १ सीट मिली थी. हालांकि इस बार कांग्रेस-अ्श्ख और बीजेपी-AIADMK मिलकर चुनावी मैदान में उतरी हैं. आंध्र प्रदेश की २५ और तेलंगाना की १७ लोकसभा सीटों पर पहले चरण में ही वोट डाले जा चुके हैं. इन दोनों राज्य में मिलाकर कुल ४२ सीटें हैं. इस बार की सत्ता को तय करने में आंध्र और तेलंगाना की अहम भूमिका रहेगी. २०१४ के लोकसभा चुनाव में इन ४२ सीटों में से टीडीपी १६, टीआरएस ११, वाईएसआर कांग्रेस ९, बीजेपी ३, कांग्रेस २ और AIMIM को १ सीट मिली थी. ऐसे में आंध्र और तेलंगाना के चुनावी नतीजे काफी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं. गुजरात की सभी २६ लोकसभा सीटों पर तीसरे चरण में वोटिंग हुई है. २०१४ चुनाव में सभी २६ सीटें बीजेपी जीतने में सफल रही थी. इस बार के चुनाव में कांग्रेस और बीजेपी के बीच कांटे का मुकाबला माना जा रहा है. ऐसे में गुजरात के नतीजों पर सभी की निगाहें होगी. वहीं, केरल की सभी २० लोकसभा सीटों पर तीसरे चरण में वोट डाले जा चुके हैं. २०१४ के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ८, सीपीआईएम ५, मुस्लिम लीग २. निर्दलीय २, केरल कांग्रेस १, आरएसपी १ और सीपीआई १ सीटें जीतनें कामयाब रही थी. इस बार कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से चुनावी मैदान में उतरे थे. ऐसे में माना जा रहा है कि चुनावी नतीजे सत्ता तय करने में अहम भूमिका रही है. कर्नाटक की २८ लोकसभा सीटों पर दूसरे और तीसरे चरण में मतदान हुए हैं. इस तरह से सभी सीटों पर वोटिंग हो चुकी है. २०१४ के चुनाव में बीजेपी १७, कांग्रेस ९ और जेडीएस २ सीटें जीती थी. इस बार कांग्रेस और जेडीएस मिलकर चुनावी मैदान में उतरी हैं, बीजेपी के सामने कड़ी चुनौती के रूप में देखा जा रहा है.

ओडिशा की कुल २१ लोकसभा सीटों में से १५ सीटों पर शुरुआती तीन चरण में वोट डाले जा चुके हैं और बाकी ६ सीटों पर चौथे चरम में वोटिंग चल रही है. २०१४ के चुनाव में बीजेडी १९ और बीजेपी २ सीटें जीतने में कामयाब रही थी. इस बार के लोकसभा चुनाव में सभी की निगाहें ओडिशा में है और बीजेपी राज्य से बड़ी उम्मीदें लगा रखी है. केंद्र की सत्ता बनाने में ओडिशा की अहम भूमिका मानी जा रही है.

असम की १४ सीटों पर शुरुआती तीन चरण में वोटिंग पूरी हो चुकी है. २०१४ में बीजेपी ७, कांग्रेस ३, एआईयूडीएफ ३ और एक सीट निर्दलीय ने जीती थी. इस बार के चुनावी में कांग्रेस और बीजेपी के बीच काटें का मुकाबला है. ऐसे ही उत्तराखंड की पांच सीटों पर पहले चरण में ही वोटिंग हो चुकी हैं. २०१४ में बीजेपी पांचों सीट जीतने में कामयाब रही थी. इस बार बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई है. छत्तीसगढ़ की ११ सीटों पर शुरुआती तीन चरण में वोट डाले जा चुके हैं. पिछले चुनाव में बीजेपी १० और कांग्रेस एक सीट जीती थी. इस बार की बदली सरकार में बीजेपी के लिए कांग्रेस कड़ा मुकाबला दे रही है.

पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में लोकसभा चुनाव पूरे हो चुके हैं. त्रिपुरा की दो सीटों पर वोटिंग हो चुकी है. २०१४ में दोनों सीटें लेफ्ट जीती थी. सिक्किम, नागालैंड और और मिजोरम में एक-एक सीटें हैं, यहां मतदान हो चुके हैं. इसके अलावा मेघालय, अरुणाचल, गोवा और मणिपुर में दो-दो सीटें हैं, यहां पर भी वोटिंग पूरी हो चुकी है. यहां के चुनावी नतीजों पर सभी की निगांहे हैं. देश की सात केंद्र शासित राज्यों में से ५ पर वोट डाले जा चुके हैं. इनमें पुडुचेरी, दादर नगर हवेली, लक्ष्यद्वीप, अंडमान निकोबार और दमनद्वीप की एक-एक सीट पर लोकसभा की वोटिंग पूरी हो चुकी है. इस बार के चुनाव में यहां बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई नजर आ रही है.

# एमआईडीसी के रडार पर रसायनिक कंपनियां

**नई मुंबई :** तलोजा की रसायनिक कंपनियां इन दिनों एमआईडीसी के रडार पर हैं। इन कंपनियों द्वारा कासाडी नदी में छोड़े जा रहे रसायन के चलते कासाडी नदी और प्रदूषित होती जा रही है। इसको लेकर एमआईडीसी तथा प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने कठोर कदम उठाने की पूर्ण तैयारी कर ली है। फिलहाल ३१ कंपनियों को नोटिस जारी की गई है। ज्ञात हो कि तलोजा के समीप कासाडी नदी में रसायनिक कारखानों द्वारा छोड़े जा रहे खराब पानी से पूरे परिसर में दुर्गंध के साथ ही पर्यावरण पर भी बुरा असर पड़ रहा है। कई रसायनिक कारखानों द्वारा प्रदूषित पानी को नदी में छोड़े जाने से अनेक जानवरों को अपने प्राण भी गंवाने पड़ रहे हैं। कुछ माह पहले बढ़ते हुए प्रदूषण को लेकर परिसर के आवारा कुत्तों के रंग तक बदलने की बात बताई गई है।






# फेसबुक पर दोस्ती कर करते थे ठगी

**सुरेश वाकडे**

**ठाणे :** ठाणे पुलिस ने एक ऐसे नाइजीरियाई गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो लोगों से फेसबुक के जरिये दोस्ती करता था, फिर विदेशी दवा कंपनी को आयुर्वेदिक वनस्पति तथा केकड़े व अन्य जानवरों के खून की आपूर्ति करने के नाम पर ठगी करता था। अंतरराष्ट्रीय ठग गिरोह से जुड़े दो नाइजीरियाई सहित कुल तीन लोगों को पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए लोगों के पास से ३७ मोबाइल फोन, ४७ घड़ियां, २१ डेबिट कार्ड, २८ चेक बुक, पासपोर्ट सहित २ लाख, ६० हजार, ३२० रुपये मूल्य का सामान जब्त किया है। गिरफ्तार अब्दुल कादिर कच्छी, एजजोकु जोएल संडे उर्फ स्टेनली संडे और ओनकांची अंथोनी मडु को पुलिस हिरासत में रखा गया है। ठगी की राशि में से ६० फीसदी नाइजीरियाई व्यक्ति को मिलती थी और ४० फीसदी राशि उसके भारतीय एजेंट को मिलती थी। पकड़े गए लोगों ने विभिन्न राज्यों में कई लोगों को अपना शिकार बनाया है। ठाणे पुलिस के सयुंक्त आयुक्त मधुकर पांडेय के मुताबिक, गिरोह से जुड़े लोग फेसबुक पर पहले लोगों को फर्जी नाम से फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते हैं, उनसे दोस्ती करते हैं और बाद में उन्हें कम समय में अधिक रुपये कमाने का लालच देकर अपने जाल में फांस लेते हैं।






मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 से मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी Mob. : 9004162915 / 70391 43986
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com